# RuTAG स्मार्ट विलेज सेंटर

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के सोनीपत** के मंडौरा गाँव में **ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्रवाई समूह (RuTAG) स्मार्ट ग्राम केंद्र (RSVC का शुभारंभ किया गया।**

## प्रमुख बिंदु

- **RSVC के बारे में:**
  - RuTAG स्मार्ट विलेज सेंटर (RSVC) का उद्देश्य **ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़मर्रा की चुनौतियों को हल करने के लिये अभिनव समाधान प्रस्तुत करना है,** जैसे पशु हस्तक्षेप को रोकना, जैविक खेती को बढ़ावा देना और बेकरी उत्पादन जैसे छोटे व्यवसायों का समर्थन करना।
  - यह केंद्र **किसानों, कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों को** सीधे उनके दरवाज़े तक **प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराकर** लाभान्वित करेगा।
- **तकनीकी समाधान:**
  - प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के तहत विकसित, RSVC **खेती के लिये उपग्रह डेटा, जल निगरानी किट, सौर ऊर्जा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स अनुप्रयोग और जैविक उर्वरक जैसी प्रौद्योगिकियों को पेश करेगा।**
  - इस पहल में **दिव्यांग व्यक्तियों के लिये सहायक प्रौद्योगिकियाँ और वित्तीय समावेशन ऐप भी शामिल हैं,** जिससे सभी के लिये आधुनिक प्रगति तक पहुँच सुनिश्चित होगी।
  - यह उन्नत कृषि पद्धतियों, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा समाधान और वहनीय आवास नवाचारों के साथ ग्रामीण चुनौतियों का समाधान करेगा।
  - किसानों को उन्नत कटाई-पश्चात प्रौद्योगिकियों से लाभ मिलेगा और केंद्र नागरिक-केंद्रित ऐप्स के माध्यम से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा।
  - इस पहल से बाज़ार तक पहुँच में सुधार होने से स्थानीय कारीगरों और किसानों की आय भी बढ़ेगी।
  - यह केंद्र IIT मद्रास और **सहायक प्रौद्योगिकी फाउंडेशन जैसे संस्थानों के साथ मिलकर** बेकरी, ब्रेड बनाने और वित्तीय साक्षरता सहित विभिन्न कौशलों में व्यावहारिक समाधान और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- **सरकारी एवं संस्थागत सहायता:**
  - यह पहल ग्रामीण कल्याण को बढ़ाने के लिये **ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन और श्रम मंत्रालयों के साथ मिलकर काम करती है।**
  - भारत भर में RSVC का विस्तार करने की योजना है तथा 20 और केंद्रों का विकास किया जा रहा है।
  - **" टेकप्रन्योर्स" कार्यक्रम महिलाओं को** अपने समुदायों में इन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिये सशक्त करेगा, जिससे स्थायित्व और दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित होगी।

## ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह (RuTAG)

- RuTAG वर्ष 2004 से **प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA)** कार्यालय की एक पहल है।
- इसकी संकल्पना **ग्रामीण क्षेत्रों के लिये उच्च स्तर के विज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप और समर्थन प्रदान करने के तंत्र के रूप में की गई थी।**
- इस पहल के तहत, हस्तक्षेपों को मुख्य रूप से **मांग-संचालित बनाया गया है, जिसमें जमीनी स्तर पर प्रौद्योगिकी अंतराल को पाटने, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने** और नवीन परियोजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण और प्रदर्शन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rutag-smart-village-center